# रजनीश को 800मी.दौड़ में पहला स्थान

## उत्तरी क्षेत्रों के शोध संस्थानों की खेल-कूद प्रतियोगिता शुरू

**लखनऊ ( डीएनएन )।** एनडीआरआई, करनाल के रजनीश कुमार ने मंगलवार से शुरू हुई उत्तरी क्षेत्रों के शोध संस्थानों की खेल-कूद प्रतियोगिता में 800मी.दौड़ में पहला स्थान प्राप्त किया।

भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान (लखनऊ परिसर) के खेल मैदान में शुरू हुई प्रतियोगिता में 800मी.दौड़ में एनडीआरआई, करनाल के रोहतास मीना ने दूसरा व वीपीकेएएस अल्मोड़ा के गोपाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक डा.एके शाह ने बताया कि पहले दिन अन्य स्पर्धाओं में 100 मीटर दौड़, वॉलीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, बास्केटबॉल तथा कबड्डी के पहले दौर के मुकाबले हुए। इससे पूर्व खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन बाबा साहब




भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति एवं पद्मश्री डा. रनबीर चंदर सोबती ने किया। उन्होंने लखनऊ के आदर्श कारागार के बैंड की धुन के साथ 22 शोध संस्थानों की टीमों के मार्च पास्ट की सलामी ली। इस दौरान सुर झंकार संगीत संस्थान के बच्चों ने गीत गाकर मेहमानों का स्वागत किया तथा बाद में जय हो तथा अन्य गीतों की प्रस्तुति कर सभी का मन मोह लिया।

कैनविज टाइम्स
बुधवार, 20 मार्च, 2013
15
खेल

# खेल-कूद प्रतियोगिता में रजनीश व मीना चमके

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। एनडीआरआई करनाल के रजनीश कुमार व रोहतास की मीना ने शोध संस्थानों के खेल-कूद प्रतियोगिता में उम्दा प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान हासिल किया। इससे पूर्व 22 शोध संस्थानों के लगभग 650 खिलाड़ियों द्वारा अपने-अपने संस्थान के ध्वज को लहराते हुए पूरे उत्साह के साथ मुख्य अतिथि को सलामी देते हुए खेल प्रतियोगिता का आगाज हुआ। खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति एवं पद्मश्री डॉ. रनबीर चंदर सोबती के द्वारा किया गया।

प्रतियोगिता के पहले दिन 800 मीटर दौड़ से हुआ जिसमें 12 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा एनडीआरआई करनाल के रजनीश कुमार व रोहतास मीना ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया। साथ ही वीपीकेएएस एल्मोड़ा के गोपाल ने 800 मीटर रेस में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

डॉ. ए.के. साह, वरिष्ठ वैज्ञानिक ने बताया कि पहले दिन की प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अन्य खेलों जैसे 100 मीटर रेस800 मीटर रेस वॉलीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, चेस, कैरम, बास्केट बॉल तथा कबड्डी के प्रथम चक्र में हिस्सा लिया तथा विजेता टीम/खिलाड़ी बुधवार को दूसरे चक्र की प्रतियोगिता में भिड़ेंगे।

अमर उजाला
लखनऊ, 20 मार्च 2013

गन्ना अनुसंधान के वार्षिक खेलकूद

# एथलेटिक्स से हुआ आगाज

**लखनऊ।** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आगाज एथलेटिक्स की स्पर्धाओं के साथ हुआ।

चार दिवसीय आयोजन में 22 शोध संस्थानों से लगभग साढ़े छह सौ खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। गन्ना शोध प्रांगण में आयोजित प्रतियोगिता की 800 मीटर दौड़ में एनडीआरआई करनाल के रजनीश कुमार को पहला और रोहतास मीना को दूसरा स्थान मिला। दौड़ में बीपीकेएएस अल्मोड़ा के गोपाल तीसरे स्थान पर रहे। इससे पहले बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. रनबीन चंदर सोबती ने प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। इससे पहले टीमों के मार्चपास्ट के साथ खेलकूद की शुरुआत की। इसके बाद खिलाड़ियों ने खेल भावना से खेलने की शपथ ली। मौके पर कई सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

लखनऊ •बुधवार •20 मार्च 2013 हिन्दुस्तान


# रजनीश को स्वर्ण

**भारतीय** गन्ना अनुसंधान संस्थान परिसर में मंगलवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की उत्तरी क्षेत्र के खेलकूद शुरू हुए। पहले दिन एथलेटिक्स में 800 मीटर दौड़ का स्वर्ण पदक करनाल के रजनीश कुमार ने जीता। पहले दिन बैडमिंटन, वॉलीबाल, टेबल टेनिस, शतरंज, कैरम, बास्केटबाल व कबड्डी के शुरुआती मुकाबले हुए। इन खेलों का उद्घाटन बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विवि. के कुलपति पद्मश्री डा. रनबीर चंद्र सोबती ने किया। इन खेलों में 22 शोध संस्थानों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

स्वतंत्र भारत

लखनऊ, बुधवार, 20 मार्च 2013 ( 14 ).

# बैंड धुन के साथ हुआ खेल प्रतियोगिता का आगाज



**लखनऊ, संवाददाता।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अन्तर्गत, गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ परिसर में आयोजित खेल प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, जम्मू कश्मीर, उत्तराखंड तथा हिमाचल प्रदेश में स्थित २२ शोध संस्थानों के लगभग ६५० खिलाड़ियों ने अपने-अपने संस्थान के ध्वज को लहराते हुए पूरे उत्साह के साथ शानदार आगाज किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति एवं पद्मश्री डा. रनबीर चन्दर सोबती के द्वारा किया गया।

लखनऊ
बुधवार, 20 मार्च, 2013

इन्क़लाबी नज़र

# 'जय हो' गीत से शुरू हुई कृषि अनुसंधान खेल प्रतियोगिता

सिटी स्पोर्ट्स

**लखनऊ।** भारतीय गन्ना संस्थान परिसर में शुरू हुई चार दिवसीय भारतीय कृषि अनुसंधान खेल कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ बच्चों द्वारा जय हो गीत से शुरू हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर विश्वविद्यालय के कुलपति डा. रनबीर चंदर सोबती ने किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन मैदान पर 650 खिंलाड़ी मौजूद थे। प्रतियोगिता के पहले दिन 800 मीटर दौड़ में 12 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। एनडीआरआई करनाल के रज़नीश कुमार ने पहला स्थान और रोहतास मीना ने दूसरा स्थान हासिल किया। जबकि वीपीकेएएस अल्मोड़ा के गोपाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। जब कि 100 मीटर, 800 मीटर रेस, वालीबाल, बैडमिंटन, टेबुल टेनिस, चेस्ट, कैरम, बॉस्केटबाल और कबड्डी जैसे खेलों में पहले चरण की ही प्रतियोगिता हुई।

राष्ट्रीय सहारा
www.samaylive.com
सच कहने की हिम्मत
राष्ट्रीयता • कर्त्तव्य • समर्पण
ादून • वाराणसी से प्रकाशित लखनऊ | बुधवार • 20 मार्च • 2013

# ऊर्जा के संचार का माध्यम है खेलकूद : डा. सोबती



**सरोजनीनगर-लखनऊ (एसएनबी)।** भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान परिसर में विकसित नए खेल मैदान में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा उत्तरी क्षेत्रों के शोध संस्थानों की चार खेल-कूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मंगलवार को बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्याल के कुलपति एवं पद्मश्री डा. रनबीर चन्दर सोबती ने किया। इस मौके पर डा. सोबती ने कहा की इस आयोजन से संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों में नई ऊर्जा का संचार होगा तथा उनमें प्रतिस्पर्धात्मक गुण विकसित होंगे। इस मौके पर सुर झंकार संगीत संस्थान के बच्चों ने स्वागत गीत गाकर मेहमानों का स्वागत किया तथा बाद में इसी संस्थान के बच्चों ने 'जय हो' तथा अन्य गीतों के मेडले प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। इस मौके पर मौजूद सैकड़ों खिलाड़ियों को उनके साथ थिरकने पर मजबूर कर दिया। खेल-कूद प्रतियोगिता के नोडल ऑफिसर डा. जसवंत सिंह ने आयोजन में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों से अनुशासित रहकर सौहर्दपूर्ण वातावरण में खेलने की अपील किया। खेल प्रतियोगिता के पहले दिन की शुरूआत 800 मी. दौड़ से हुई। जिसमें 12 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया तथा एनडीआरआई करनाल के रजनीश कुमार व रोहतास मीना ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

लखनऊ
कैनविज टाइम्स
मंगलवार, 19 मार्च 2013

# खेल प्रतियोगिता आज से

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अंतर्गत उत्तरी क्षेत्रों में स्थित 24 शोध संस्थानों के लिए खेल प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार से किया जा रहा है। भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान लखनऊ परिसर में होने वाली प्रतियोगिता का उद्‌घाटन मुख्य अतिथि डॉ रनबीर चंदर सोबती, कुलपति, बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ के द्वारा किया ज़ाएगा। इस प्रतियोगिता में उत्तर भारतीय राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, जम्मू कशमीर, में स्थित परिषद के लगभग 24 शोध संस्थानों से 650 अधिकारी/ कर्मचारी प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लेंगे। चार दिनों तक चलने वाली खेल-कूद प्रतियोगिता में विभिन्न संस्थानों के प्रतिभागी वॉलीबॉल, फुटबॉल, कबड्डी, साइकिल रेस, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम, चेस दौड़ अन्य खेलों में दम दिखाने को तैयार है। कुल मिलाकर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के पास यह अच्छा मौका है कि वह अपनी प्रतिभा को दिखाए।

राष्ट्रीय सहारा
अपना शहर
लखनऊ
लखनऊ । मंगलवार • 19 मार्च • 2013



नवाब दो आना

▶भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् के तत्वावधान में खेल प्रतियोगिता, भारतीय गन्ना अनुसंधान परिसर में प्रातः 9 बजे।

the pioneer
LUCKNOW | TUESDAY | MARCH 19, 2013

## ICAR SPORTS TOURNAMENT

Indian Institute of Sugarcane Research will organise ICAR Sports Tournament-2013 for research institutes of ICAR situated in the north zone. The sports meet will be inaugurated on Tuesday by Vice-Chancellor, Baba Saheb Bhimrao Ambedkar University, Lucknow, Dr RC Sobti at the sports ground in Ikshupuri residential colony on IISR campus. The tournament will conclude on March 22. During four-day-long tournament, 24 ICAR institutes will participate and about 650 employees from these institutes will compete to prove their sporting ability.

लखनऊ और कानपुर से प्रकाशित

प्रकाशन का 66वां वषे

स्वतंत्र भारत

m

अंक 208 | नगर संस्करण | लखनऊ, मंगलवार, 19 मार्च, 2013 ई. फाल्गुन मास शुक्ल पक्ष 7 सं. 2069 वि. | पृष्ठ 16 | मूल्य 2.00 रुपये

## भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान में खेल प्रतियोगिता आज से

**लखनऊ,संवाददाता।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली के अंतर्गत उत्तरी क्षेत्र में स्थित 24 शोध संस्थानों के लिए आज से खेल प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय गन्ना अनुसंधान संस्थान, लखनऊ परिसर में आयोजित किया जा रहा है।

जिसका उद्घाटन डा. रनबीर चंदर सोबती, कुलपति, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के हाथों किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में 24 शोध संस्थानों के 680 कर्मचारी प्रतिभाग करेंगे। जिसमें बालीबाल, फुटबाल, रेस, कबड्डी, टेबल टेनिस आदि खेल खेले जाएंगे।

उक्त जानकारी ए के शाह ने दी है।